भोपाल, सीहोर, इंदौर, छिंदवाड़ा ग्वालियर, मुरैना से एकसाथ प्रकाशित

दैनिक
# सच एक्सप्रेस
जनता की बुलंद आवाज

सत्यम् सदैव सुन्दरम्...

वर्ष-14 || अंक- 52 || पृष्ठ-8 || शुल्क- 2 रुपए || भोपाल || शनिवार 5 जुलाई || 2025

www.dainiksachexpress.com, sachexpress.page


पेज 2 4.77 लाख हेक्टेयर में फल उद्यान तैयार


पेज 4 आर्थिकी-रोजगार बढ़ा रहा सहकारिता क्षेत्र


पेज 5 प्रभारी मंत्री ने की घायलों से मुलाकात


पेज 6 गुड़िया लौट आओ नाटक की भव्य प्रस्तुति


पेज 7 एक और प्रोत्साहन योजना लाने की तैयारी में सरकार

**सराफा बाजार का आज का भाव**

5 जुलाई 2025, 01:20PM
डालर $ 85.47
GOLD LIVE - 97040
हालमार्क ज्वैलरी रेट
24 KT-100080 ब्रेड
23 KT-95900
22 KT-92100
20 KT-84100
18 KT-76100
14 KT-58500
Silver Live - 108440
चांदी हाजिर 999- 110600

MG ज्वैलर्स (उज्जैन वाले)
सर्वधर्म कोलार रोड, भोपाल
Condition Apply

चुनाव प्रचार से विजय जुलूस तक
सभी प्रकार की चुनाव प्रचार सामग्री के निर्माता एवं विक्रेता
सभी प्रकार के झण्डे, बैज, बैनर, कैप, स्टीकर, पोस्टर, फ्लेक्स बोर्ड, होर्डिंग, फ्लेक्स एवं प्रिंटिंग कार्य हेतु पधारें
SHEELA शीला एड-मेकर्स
E-mail:sheelaadmakers@gmail.com
139, Malviya Nagar, Bhopal (M.P.)
Tel./Fax: 0755-4012177,
Mob.:9301020777, 8889120777
GB-3, Ground Floor Mansarover Complex, Near BJP Office Bhopal
Tel. 0755-4277938
www.sheelamakers.com

## नया दौर || शेजवार के घर पहुंचे मोहन-हेमंत



# युवाओं के साथ वरिष्ठ नेताओं को भी सत्ता-संगठन से जोड़ेगी भाजपा

राजनीतिक प्रतिनिधि || भोपाल

प्रदेश भाजपा के क्षितिज पर उभरती मोहन-हेमंत की जोड़ी सक्रिय हो गए है। नवागत प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश भाजपा को नया स्वरूप देने में जुट गए हैं। मोहन-हेमंत की जोड़ी की सक्रियता से चर्चा शुरू हो गई है कि अब प्रदेश में भाजपा सत्ता और संगठन एकसाथ एक नई दिशा में आगे बढ़ेगा। मोहन-हेमंत की जोड़ी ने आज भाजपा के दिग्गज नेता पूर्व मंत्री डॉ. गौरीशंकर शेजवार के घर जाकर उनसे सौजन्य भेंट की। अरेरा कॉलोनी स्थित श्री शेजवार के घर जब यह दोनों शीर्ष नेता पहुंचे तो राजनीतिक अटकलों का दौर शुरू हो गया। सूत्रों के अनुसार मोहन-हेमंत की जोड़ी युवाओं के साथ-साथ पार्टी के दिग्गज नेताओं को भी सक्रिय बनाए रखेगी। जानकारी के अनुसार डॉ. शेजवार को जल्द ही एक जवाबदारी सौंपी जाएगी। आगामी विधानसभा सत्र से पहले भाजपा के सभी विधायक डॉ. शेजवार की कक्षा में दिखाई दे सकते हैं। डॉ. शेजवार विधायकों को उनकी कार्यशैली से संबंधित पाठ पढ़ा सकते हैं। डॉ. शेजवार विधायकों को यह समझाएंगे कि कौन से विषय पर कैसे अपना पक्ष विधानसभा में रखा जाए। सरकार की योजनाओं से जनता को कैसे लाभ मिल रहा है, इसकी जानकारी दी जाए। विपक्ष जो मुद्दे उठाए उस पर उसी को कैसे घेरा जाए। इस पर भी विधायकों को अपना पक्ष कैसे रखना है यह भी समझाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के साथ पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह, जिला अध्यक्ष रविंद्र यति और प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल भी डॉ. शेजवार के घर पहुंचे।

**व्यापम फर्जीवाड़ा**

## विधायक पुत्र सहित फर्जी ढंग से पीएमटी पास करने वालों का ट्रायल शुरू होगा

**ग्वालियर** । फर्जी तरीके से मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए होने वाली पीएमटी परीक्षा उत्तीर्ण करने के मामले में 12 साल से चल रही लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद अब ट्रायल शुरू होने जा रहा है। आगामी 28 जुलाई को विशेष न्यायाधीश विशाल अखण्ड की अदालत में इस चर्चित मामले की सुनवाई होगी। इसमें आरोप तय किए जाएंगे। पीएमटी फर्जीवाड़े के इस मामले में 2013 में ग्वालियर के झांसी रोड थाना में एफआईआर दर्ज की गई थी। 2015 में इसकी जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया था। लंबी जांच प्रक्रिया के बाद 2020 में चार्जशीट पेश की गई थी। अब पांच साल बाद चालान मजिस्ट्रेट कोर्ट से कमिट होकर ट्रायल कोर्ट पहुंचाने का काम गुरुवार को पूरा किया गया।बताया गया कि सीबीआई द्वारा दायर की गई चार्जशीट में कुल 130 लोगों को आरोपी बनाया गया था, जिनमें से 8 की मौत हो चुकी है। शेष 122 आरोपी अब ट्रायल का सामना करेंगे। इनमें मप्र की पुष्पराजगढ़ विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक फुंदेलाल सिंह के बेटे अमितेश कुमार, डॉ. स्वाति सिंह सहित कई चर्चित नाम शामिल हैं। इनमे कई आरोपी उप्र के मूल निवासी भी हैं।

**मध्यप्रदेश में भारी बारिश**

# डिंडौरी हाई-वे खेत में तब्दील



सच संवाददाता || डिंडौरी

मध्य प्रदेश में डिंडौरी जिला मुख्यालय समेत आसपास के इलाकों में पिछले दो दिन बारिश का दौर जारी है। गुरुवार की दरमियानी रात से शुरू तेज बारिश से नदी नाले उफान पर हैं।

आज भी रिमझिम बारिश का दौर जारी है। बारिश के चलते जनपद करंजिया अंतर्गत ग्राम माधोपुर के पास खेतों का पानी और सड़क किनारे का मलबा हाई-वे पर आने से रोड खेत में ही तब्दील होते दिखाई दे रहा है, जिससे इस रोड में वाहन फंस रहे हैं। जबलपुर अमरकंटक नेशनल हाईवे पर मलबे का ढेर लग जाने से बाइक और कार का निकलना भी मुश्किल से हो पा रहा है। प्रदेश के उत्तरी व पूर्वी जिलों में अति भारी बारिश से कई क्षेत्रों में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। विंध्य-महाकौशल के कई जिलों में नदी-नाले उफान पर होने से पुल तक डूब गए हैं। जबलपुर में सुबह से शाम तक 71.8 मिमी बारिश हुई। जबलपुर से करीब 25 किमी दूर बरेला थानांतर्गत सलैया नदी में पुल पार करते समय तेज बहाव में गैस सिलेंडर से लदा एक ट्रक और भूसे से भरा मिनी ट्रक बह गया। चालक-परिचालक ने किसी तरह तैरकर जान बचाई। मंडला जिले में रात्रि से दोपहर तक करीब 12 घंटे लगातार बारिश हुई।

**फूड प्वाइजन**

## पन्ना में अचानक एक ही परिवार के 30 लोग हुए बीमार अस्पताल में भर्ती

**पन्ना।** अजयगढ़ थाना क्षेत्र में फूड प्वाइजन से 30 लोग बीमार हो गए। सभी लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुरुआती तौर पर फूड प्वाइजन बताई जा रही है। पीड़ित परिवार ने खराब घी बेचने के आरोप में दुकानदार के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत की। इसके बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खाद्य सामग्री और विक्रय दुकान से घी का सैंपल लिया गया है।सिन्हाई निवासी शिकायतकर्ता महेंद्र यादव ने कहा, मैं परिवार संग अजयपाल किला स्थित पहाड़ी पर पूजा पाठ करने गया था। इस दौरान में खाना बनाने के लिए त्रिवेणी चौराहा पर स्थित मुनाऊ गुप्ता की दुकान से घी खरीदा था। दुकानदार ने मुझे बताया कि घी खाने योग्य है। घी के बने व्यंजनों का सेवन 30 लोगों ने किया। इसमें महिला और बच्चे भी शामिल हैं। आधे घंटे बाद लोगों को उल्टी और दस्त शुरू हो गया। आनन फानन में करीब 20 लोगों को अजयगढ़ सामुदायिक केंद्र में भर्ती कराया गया। मामले पर जिले के आला अधिकारियों ने संज्ञान लिया है और जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। पुलिस ने भी आरोपी दुकानदार से पूछताछ शुरू कर दी है।

**सच-संक्षेप**

### जय श्रीराम के उद्घोष के साथ पीएम मोदी का स्वागत

**ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने विदेश दौरे के तीसरे चरण में दक्षिण अमेरिकी देश अर्जेंटीना पहुंचे हैं। अर्जेंटीना में पीएम मोदी का स्वागत भारत माता की जय, जय श्री राम के उद्घोष के साथ हुआ। प्रधानमंत्री ब्यूनस आयर्स के होटल पहुंचे, जहां भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात की। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने घाना और त्रिनिदाद एंड टोबैगो का दौरा किया था। पीएम मोदी इस देश में राष्ट्रपति और कई फुटबॉल खिलाड़ियों से भी मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में प्रस्तुति देने वाली कलाकार जर्निया ने बताया, %यह जीवन बदल देने वाला अनुभव था। हमने भारतीय नृत्य शैलियों को प्रस्तुत करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए बहुत मेहनत की। मुझे वाकई खुशी है कि प्रधानमंत्री मोदी ने इसका आनंद लिया।

### झारखंड में कोयला खदान का एक हिस्सा ढहा, एक की मौत

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में अवैध खनन के दौरान कोयला खदान का एक हिस्सा ढहने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद मलबे में कई अन्य के फंसे होने की आशंका है। घटना जिले के कर्मा इलाके में तड़के हुई। राहत और बचाव अभियान के लिए एक प्रशासनिक टीम को भेजा गया है। कुजू पुलिस चौकी के प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने पीटीआई को बताया कि अभी तक एक शव बरामद किया गया है और बचाव अभियान जारी है, क्योंकि कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि कुछ ग्रामीण मौके पर कोयले के अवैध खनन में शामिल थे। रामगढ़ के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) फैज अक अहमद मुमताज ने बताया कि हमें सुबह घटना की जानकारी मिली।

### मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद विवादित ढांचा नहीं

**प्रयागराज।** मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की मांग वाली याचिका पर हिंदू पक्ष का झटका लगा है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हिंदू पक्ष की मांग खारिज कर दिया। हिंदू पक्ष की याचिका पर 23 मई को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था, जो शुक्रवार को सुनाया गया। दरअसल, पांच मार्च को हिंदू पक्ष के वकील महेंद्र प्रताप सिंह ने शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने को लेकर याचिका दाखिल की थी। उन्होंने कोर्ट में कहा था कि मस्जिद के पास जमीन के कागज नहीं हैं, इन्होंने अतिक्रमण कर रखा है। इसे मस्जिद क्यों कहा जाए, इसलिए मस्जिद को भी विवादित ढांचा घोषित किया जाए। इसके खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति दाखिल करते हुए कहा था कि हिंदू पक्ष की मांग सरासर गलत है।



## 20 साल बाद गले मिले राज और उद्धव

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में आज एक बड़ा मोड़ आया। लंबे समय बाद उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने एक साथ सार्वजनिक मंच साझा किया। यह विजय रैली मुंबई के वर्ली इलाके में एनएससीआई डोम में आयोजित की गई, जहां इन दोनों नेताओं ने महाराष्ट्र सरकार की तीन-भाषा नीति को वापस लेने की खुशी में लोगों को संबोधित किया। शिवसेना और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना द्वारा संयुक्त रैली के दौरान भाईयों, उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। महाराष्ट्र सरकार ने हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में लागू करने के लिए दो सरकारी प्रस्तावों को रद्द कर दिया है। राज ठाकरे अपनी पत्नी शर्मिला और बेटे अमित, बेटी उर्वशी के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। साथ ही उद्धव अपनी पत्नी रश्मि और बेटे आदित्य, तेजस के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे हैं। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए राज ठाकरे ने कहा,ये त्रिभाषा सूत्र कहा से लेकर आए? छोटे-छोटे बच्चों से जबरदस्ती करोगे क्या? महाराष्ट्र को कोई तिरछी नजर से नहीं देखेगा। हिंदी अच्छी भाषा है, सारी भाषा अच्छी हैं। किसी की हिम्मत है तो मुंबई पर हाथ डालकर देख लें। राज ठाकरे ने कहा,मैंने अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि मेरा महाराष्ट्र किसी भी राजनीति और लड़ाई से बड़ा है। आज 20 साल बाद मैं और उद्धव एक साथ आए हैं। जो बालासाहेब नहीं कर पाए, वो देवेंद्र फडणवीस ने कर दिखाया... हम दोनों को साथ लाने का काम...आपके पास विधान भवन में शक्ति हो सकती है, हमारे पास सड़कों पर शक्ति है।

## कक्षा 10वीं की किताब में राज्यपाल के कर्तव्यों पर नया पाठ

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के सामान्य शिक्षा विभाग द्वारा बनाई गई एक पाठ्यक्रम समिति ने राज्य के सरकारी स्कूलों में कक्षा 10 की किताब में एक नया अध्याय जोड़ने की मंजूरी दे दी है, जिसमें राज्य के राज्यपालों की संवैधानिक शक्तियों और कर्तव्यों के बारे में बताया गया है। एक आधिकारिक जानकारी के अनुसार, यह फैसला सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। इस बैठक में कक्षा 2, 4, 6, 8 और 10 की पाठ्यपुस्तकों में भी नई विषय-वस्तु शामिल करने को हरी झंडी दी गई है।

# शहडोल शिक्षा विभाग में घोटाला || 24 लीटर पेंट की रंगाई में खर्च किए 3 लाख

सच संवाददाता || शहडोल

मध्यप्रदेश में शिक्षा विभाग का एक नया घोटाला सामने आया है, जिसने न केवल प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं, बल्कि भ्रष्टाचार की परतें भी खोल दी हैं। शहडोल जिले के ब्यौहारी स्थित दो सरकारी स्कूलों में ऑयल पेंट खरीदने के नाम पर खर्च किए गए पैसे ने सबको चौंका दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इन बिलों ने इस विवाद को और भी बढ़ा दिया है।



### एक ही कांट्रेक्टर, एक ही तरीका

इन दोनों मामलों में एक ही ठेकेदार सुधाकर कंस्ट्रक्शन का नाम सामने आया है। खास बात तो यह है कि दोनों बिल 5 तारीख पांचवां महीना 2025 में कटे हैं। जिसने इन कार्यों के लिए भुगतान प्राप्त किया है। बिलों पर संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य और जिला शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर और सरकारी सील भी लगी हुई है, जो कि इस मामले की गंभीरता को और बढ़ा देती है।

**पहला मामला** हाई स्कूल सक्कन्दी में सिर्फ चार लीटर ऑयल पेंट की खरीद की गई थी, जिसकी कीमत 784 रुपये बताई गई है (196 रुपये प्रति लीटर)। वहीं इस पेंट को दीवार पर लगाने के लिए 168 मजदूरों और 65 मिस्त्रियों को काम पर लगाया गया, जिनका कुल भुगतान 1,06,984 रुपये पहुंच गया। यह खर्च केवल 4 लीटर पेंट लगाने के लिए किया गया, जिससे यह सवाल उठता है कि आखिर ये मजदूर और मिस्त्री किस काम के लिए लगाये गए थे।

**दूसरा मामला** दूसरे मामले में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निपानिया में कुल 20 लीटर पेंट खरीदा गया था, लेकिन यहां की स्थिति और भी चौंकाने वाली है। 275 मजदूरों और 150 मिस्त्रियों को लगाया गया, जिनका कुल भुगतान 2,31,650 रुपये तक पहुंच गया। इस खर्च में खिड़कियों और दरवाजों की रंगाई का भी खर्च शामिल है, जो कि 20 लीटर पेंट के मुकाबले कहीं ज्यादा है।

## मंत्रालय ने रेलवे यूनियन की मांग ठुकराई

**नई दिल्ली ||एजेंसी।** रेल मंत्रालय ने इंडियन रेलवे सिग्नल एंड टेलीकॉम मेंटेनर्स यूनियन की उस मांग को खारिज कर दिया है जिसमें रेलवे बोर्ड में एक अलग सदस्य का पद दोबारा बनाने की मांग की गई थी। संघ के महासचिव आलोक चंद्र प्रकाश ने 24 सितंबर 2024 को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के जन शिकायत पोर्टल के जरिए यह अनुरोध किया था। उन्होंने कहा था कि सिग्नल और टेलीकॉम कर्मचारियों को अपना प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा और वे खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। प्रकाश ने पत्र में बताया कि 16 अप्रैल 2019 को डायरेक्टर जनरल (एस एंड टी) का पद अपग्रेड कर सदस्य (एस एंड टी) बनाया गया था, लेकिन 8 सितंबर 2020 को इस पद को खत्म कर सदस्य (बुनियादी ढांचा)का नया पद बना दिया गया। इंडियन रेलवे सिग्नल एंड टेलीकॉम मेंटेनर्स यूनियन के इस मांग को पीएमओ ने रेल मंत्रालय को भेजी, लेकिन हाल ही में मंत्रालय ने जवाब में कहा कि रेलवे बोर्ड के संबंधित विभागों से विचार-विमर्श के बाद यह फैसला किया गया है कि फिलहाल यह मांग संभव नहीं है।

## पटना क्लब से लौट रहे नामी उद्योगपति की हत्या

**पटना** । बिहार की राजधानी पटना में कल देर रात बड़े उद्योगपति गोपाल खेमका की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना पटना के गांधी मैदान थाना इलाके में हुई। गोपाल खेमका पटना के जाने-माने व्यवसायी थे और कभी यहां के टॉप अस्पताल रहे मगध हॉस्पिटल के मालिक भी थे। गोपाल खेमका के बेटे गुंजन खेमका की हत्या भी छह वर्ष पूर्व वैशाली के औद्योगिक थाना इलाके में अपराधियों ने गोली मारकर कर दी थी।

## स्कूल के बच्चे बने खतरों के खिलाड़ी

**सच संवाददाता ||दमोह।** दमोह जिले में कई सरकारी स्कूल भवन बेहद जर्जर हैं। दीवारों से सीमेंट गायब हो चुका है, छत से पानी टपक रहा है। क्लासरूम से ही छत के सरिये दिख रहे हैं। फर्श ऐसा है कि यहां किसी के लिए बैठना संभव नहीं है। फिर भी ऐसे भवनों में क्लास लग रही हैं। क्षतिग्रस्त भवन हादसे को न्यौता दे रहे हैं। आइए हम आपको लेकर चलते हैं ग्राम मढ़कोला टोला के प्राइमरी स्कूल में। इसके बाद देखते हैं पथरिया कस्बे के एक स्कूल की हालत।सीता नगर के पास स्थित है ग्राम मढ़कोला टोला। यहां के प्राइमरी स्कूल का भवन खतरे से खाली नहीं है। स्कूल भवन इतना अधिक क्षतिग्रस्त हो चुका है कि किसी दिन अनहोनी हो सकती है। स्कूल भवन की दीवार बीच में से दरक गई हैं, जो किसी भी दिन गिर सकती हैं। फर्श के नीचे से बारिश का पानी सीपेज होकर आ रहा है। इससे बच्चे फर्श पर बैठ नहीं पाते हैं। कुछ लोगों ने स्कूलों के बाहर ही कब्जा कर लिया है। अपने मवेशी बांधते हैं एवं कृषि का सामान रखा हुआ है।इस संबंध में यहां के शिक्षक कई दफा बीआरसी, तथा जिला प्रशासन को शिकायत कर चुके हैं।

**सामाजिक संकीर्णता** || गुजरात में पड़ासी की शिकायत पर युवती को फ्लैट से निकाला

# अविवाहित और सिंगल लड़कियों के लिए कोई जगह नहीं?

अहमदाबाद || एजेंसी

गुजरात के गांधीनगर में एक युवती को सिर्फ इसलिए किराए का फ्लैट नहीं मिल पाया क्योंकि वह अविवाहित है। यह मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। युवती के भाई ने सोशल मीडिया पर पूरी घटना साझा की, जिसमें बताया गया कि किस तरह उसकी बहन ने दोस्तों के साथ मिलकर फ्लैट किराए पर लिया था, लेकिन पड़ोसी की आपत्ति के कारण उन्हें फ्लैट छोड़ना पड़ा। साझा की गई पोस्ट के मुताबिक युवती ने अपने दो अन्य दोस्तों के साथ तीन बीएचके फ्लैट किराए पर लिया था। उन्होंने दलाल को पैसे भी दे दिए और अपना सामान फ्लैट में शिफ्ट कर दिया। दलाल ने भरोसा दिया था कि अविवाहित लड़कियों को कोई समस्या नहीं होगी। लेकिन तभी पड़ोसी ने बिल्डर से शिकायत कर दी कि सिंगल लड़कियों को फ्लैट नहीं देना चाहिए। बिल्डर ने बिना कुछ सोचे समझे फ्लैट नोटिस पर डाल दिया और रहने की अनुमति नहीं दी।



### बात करने की कोशिश नाकाम

रेडिट की पोस्ट में बताया गया कि युवती ने पड़ोसी से बात करने की कोशिश की ताकि उन्हें यकीन दिलाया जा सके कि वे कोई परेशानी नहीं पैदा करेंगी। लेकिन पड़ोसी ने बात सुनने से इनकार कर दिया। उसने युवती की कॉल काट दी और बाद में हर जगह से ब्लॉक कर दिया। इससे युवती और उसके परिवार को दोबारा घर ढूंढने और शिफ्टिंग में खर्च उठाना पड़ा।

### लोगों ने इसे भेदभाव बताया

युवती के भाई ने लिखा कि यह सिर्फ निराशाजनक नहीं बल्कि भेदभावपूर्ण भी है। सब कुछ पूरा होने के बाद सिर्फ अविवाहित होने के आधार पर किसी को घर से निकाल देना सामाजिक संकीर्णता को दिखाता है। इस पोस्ट पर कई लोगों ने प्रतिक्रिया दी और बताया कि भारत में अभी भी अविवाहित लड़कों-लड़कियों के लिए किराए का मकान ढूंढना कितना मुश्किल है।

### दूसरों ने भी सुनाई अपनी आपबीती

इस पोस्ट के वायरल होते ही कई लोगों ने अपनी परेशानियां साझा कीं। एक व्यक्ति ने लिखा कि गुजरात में ऐसा ही होता है। स्टूडेंट्स और बैचलर के लिए जो फ्लैट मिलते हैं, उनकी हालत बेहद खराब होती है, जबकि किराया आसमान छूता है। वहीं, एक अन्य ने लिखा कि मुंबई में 20 साल पहले मेरे साथ भी ऐसा हुआ था। अविवाहित महिलाओं को फ्लैट नहीं दिया जाता था। उम्मीद है अब चीजें बदली होंगी।

### किराए की रकम वापस लेने की सलाह

कुछ लोगों ने सुझाव दिया कि युवती को दलाल और बिल्डर से खर्च और एडवांस रकम वापस लेनी चाहिए। कई लोगों ने लिखा कि भारत में लोग पड़ोसी के घर में ज्यादा दखल देते हैं, चाहे वह परिवार हो या बैचलर। इसी वजह से अकेले रहने वाले लड़कों और लड़कियों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ती है। फिलहाल सोशल मीडिया पर इस मुद्दे पर लगातार बहस जारी है।

## नासा को अंतरिक्ष यात्रियों की सेहत पर मंडराते पांच बड़े खतरे मिल

**नई दिल्ली।** नासा ने एक महत्वपूर्ण शोध के जरिये अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों की पहचान की है। इस अध्ययन में पांच प्रमुख खतरों को नासा ने सामूहिक रूप विकिरण (रेडिएशन), अकेलापन (आइसोलेशन), गुरुत्वाकर्षण में बदलाव (ग्रेविटी चेंज), दूरी (डिस्टेंस) और प्रतिकूल वातावरण (होस्टाइल एनवायरनमेंट) यानी सामूहिक रूप से इन्हें रिज (आरआईजी डीई)के नाम से चिन्हित किया है।विशेषज्ञों के अनुसार ये कारक न केवल मस्तिष्क और प्रतिरक्षा प्रणाली को प्रभावित करते हैं बल्कि मनोवैज्ञानिक संतुलन और शरीर की जैविक कार्यप्रणाली को भी झकझोरते हैं।